दिन– शुक्रवार

दिनांक– 17 / 10 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।

अवधि– 15 मिनट

---

01. छह नवम्बर को होने वाले विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए नामांकन की प्रक्रिया समाप्त। चुनाव प्रचार में आई तेजी।

02 भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सारण के तरैया में चुनावी सभा को संबोधित किया। कहा – बिहार के लोग अब जंगलराज की कहानी को फिर से दोहराना नहीं चाहते हैं।

03. महागठबंधन के घटक दलों के बीच बढ़ते विवाद के कारण अबतक नहीं हो सका है सीटों का बंटवारा। आठ सीटों पर महागठबंधन के प्रत्याशी एक–दूसरे के खिलाफ चुनाव मैदान में।

04. और, चुनाव आयोग ने बिहार विधानसभा चुनावों के दौरान काले धन के रोकथाम और नशीले पदार्थों, शराब और अन्य प्रलोभनों से निपटने के लिए प्रवर्तन एजेंसियों को दिया दिशा–निर्देश।

---

बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए नामांकन की प्रक्रिया आज समाप्त हो गयी। इस चरण के तहत अठारह जिलों के एक सौ इक्कीस विधानसभा क्षेत्रों में छह नवंबर को मतदान होना है। कल नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। वहीं, बीस अक्टूबर तक नाम वापस लिए जा सकते हैं। इधर, दूसरे चरण के लिए नामांकन की अंतिम तिथि बीस अक्टूबर तक निर्धारित है।

---

पहले चरण के नामांकन के अंतिम दिन बड़ी संख्या में विभिन्न दलों के प्रत्याशियों ने अपने पर्चे दाखिल किये। एक रिपोर्ट––

–––रिपोर्ट–––

आज जिन प्रमुख उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किये हैं, उनमें सिवान विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के वरिष्ठ नेता और मंत्री मंगल पांडे, जाले से जीवेश कुमार, गयाजी शहरी सीट से प्रेम कुमार और धमदाहा से जदयू नेत्री और मंत्री लेशी सिंह शामिल हैं। इसके अलावा छपरा विधानसभा क्षेत्र से राजद के टिकट पर भोजपुरी अभिनेता और गायक खेसारी लाल यादव ने पर्चा भरा।

–––कट–––

इधर, दरभंगा के अलीनगर सीट से जानी–मानी लोक गायिका मैथिली ठाकुर ने भाजपा प्रत्याशी के रूप में अपना पर्चा दाखिल किया। उन्होंने यह मौका दिये जाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया।

–––कट–––

भाजपा से नामांकन करने वालों में बेगूसराय से कुंदन कुमार, बरूराज से अरूण सिंह, भागलपुर से रोहित पांडेय, गौड़ा बौराम से सुजीत कुमार सिंह और बड़हरा से राघवेन्द्र प्रताप सिंह प्रमुख रहे। वहीं, जदयू के टिकट पर कांटी से अजीत कुमार, नवीनगर से चेतन

आनंद, अमौर से सबा जफर और जगदीशपुर से श्रीभगवान सिंह कुशवाहा ने अपने पर्चे दाखिल किये। ओबरा सीट से लोजपा, रामविलास के प्रकाश चंद्र ने और संजय पासवान ने बखरी से नामांकन पत्र भरा। हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा के टिकट पर अनिल सिंह ने टिकारी और रोमित कुमार ने अतरी से पर्चे दाखिल किए। राजद के कुमार सर्वजीत ने बोधगया से, विश्वनाथ यादव बेलागंज से, राकेश रौशन ने इस्लामपुर से और रामबाबू सिंह ने बड़हरा सीट से पर्चा दाखिल किया। एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष अख्तरूल ईमान ने अमौर से नामांकन पत्र भरा। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने कुटुंबा से और पार्टी के शकील अहमद खान ने कटिहार के कदवा से अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया। इसके अलावा जनसुराज के टिकट पर शशि यादव ने टिकारी से और हेमंत कुमार ने बाराचट्टी से नामांकन पत्र भरे। वाम दलों के अलावा भी कई उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पर्चे दाखिल किये। समाचार कक्ष से अभिषेक दास।

---

विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए प्रचार में तेजी आ गयी है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज सारण के तरैया में एक चुनावी सभा को संबोधित किया। श्री शाह ने कहा कि बिहार के लोग अब जंगलगराज की कहानी को फिर से दोहराना नहीं चाहते हैं।

–––बाइट–––

श्री शाह ने एक बार फिर दोहराया कि एनडीए विधानसभा चुनाव मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में लड़ रहा है और पार्टी को उनके नेतृत्व पर पूरा भरोसा है।

–––बाइट–––

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज आरा में एक चुनावी रैली को संबोधित किया। श्री कुमार ने कहा कि उन्होंने अपने शासनकाल में बिहार के विकास के लिए कई काम किये हैं। उन्होंने कहा कि राजद के शासनकाल में कुछ भी नहीं हुआ। श्री कुमार ने कहा कि एनडीए ने आधारभूत संरचना से लेकर शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में अभूतपूर्व काम किया है।

---

हमारे संवाददाता ने बताया कि मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तराखंड और गोवा के मुख्यमंत्रियों ने एनडीए उम्मीदवारों के पक्ष में चुनाव प्रचार किया।

–––रिपोर्ट–––

भाजपा शासित राज्यों के कई मुख्यमंत्रियों ने आज पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में रोड–शो किया और जनसभाओं को संबोधित किया। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने गया में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पूरे बिहार में एनडीए की लहर है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने बेगूसराय में पार्टी प्रत्याशी कुंदन कुमार के समर्थन में रोड–शो किया। उन्होंने कहा कि बिहार में एक बार फिर सुशासन की सरकार लौटने वाली है। इधर, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सीवान विधानसभा क्षेत्र में पार्टी प्रत्याशी मंगल पांडेय के समर्थन में रोड–शो करते हुए एक बार फिर एनडीए सरकार बनने का दावा किया। समाचार कक्ष से रजनीकांत चौधरी।

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज जदयू अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात की और चुनावी रणनीति पर विचार–विमर्श किया। बैठक में चुनाव प्रचार के दौरान विभिन्न घटक दलों के बीच आपसी तालमेल और समन्वय को लेकर भी बातचीत हुई। श्री शाह के साथ उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा भी मौजूद थे।

---

जदयू के वरिष्ठ नेता ललन सिंह ने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व पर किसी प्रकार का कोई विवाद नहीं है। उन्होंने इस प्रकार के विवादों को जन्म देने के लिए मीडिया को जिम्मेदार ठहराया।

———बाइट———

इस बीच, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा ने कहा कि एनडीए में सब कुछ ठिक है और एक बार फिर एनडीए की ही सरकार बनने जा रही है।

———बाइट———

---

प्रथम चरण के मतदान के लिए नामांकन की प्रक्रिया समाप्त होने के बाद भी महागठबंधन में अभी तक सीटों का बंटवारा नहीं हो सका है। सीट बंटवारे को लेकर जारी घमासान के बीच विकासशील इंसान पार्टी प्रमुख मुकेश सहनी ने कहा कि वे विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे। दरभंगा के गौड़ाबौराम में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि वे बिहार में महागठबंधन की सरकार बनाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।

———बाइट———

इधर, महागठबंधन के एक मात्र घटक दल कांग्रेस ने ही प्रत्याशियों की सूची जारी की है। पार्टी ने पहले अड़तालीस प्रत्याशियों की सूची जारी की। बाद में पार्टी ने ऋषि मिश्रा को जाले विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार बनाने की घोषणा की। राजद और विकासशील इंसान पार्टी ने प्रत्याशियों की सूची जारी नहीं की। इन दलों ने सीधे प्रत्याशियों को सिंबल बांटने शुरू कर दिए। परिणास्वरूप आठ सीटों वैशाली, तारापुर, बछवाड़ा, गौड़ाबौराम, लालगंज, कहलगांव, राजापाकड़ और रोसड़ा पर महागठबंधन की पार्टियां आमने–सामने हैं। इनमें से पांच पर कांग्रेस और राजद ने एक–दूसरे के

खिलाफ उतार दिये हैं। वहीं, तीन सीट पर कांग्रेस और सीपीआईएमएल के प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

---

गौड़ाबौराम से वीआईपी प्रमुख के भाई संतोष सहनी के खिलाफ राजद के अफजल अली ने नामांकन पत्र भरा है। वहीं, कहलगांव से राजद के रजनीश यादव के सामने कांग्रेस के परवीन कुशवाहा हैं। बछवाड़ा से सीपीआई के अवधेश राय के साथ–साथ कांग्रेस के गरीब दास ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। इसके अलावा तारापुर से राजद के अरूण साह के सामने वीआईपी के सकलदेव बिंद ने भी नामांकन पत्र भरा है।

---

इस बीच, कांग्रेस नेता और पार्टी के वरिष्ठ चुनाव पर्यवेक्षक भूपेश बघेल ने कहा कि महागठबंधन में सीटों का बंटवारा हो गया है और कहीं से किसी प्रकार की नाराजगी नहीं है।

–––बाइट–––

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा है कि वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी को उचित सम्मान देने के लिए पार्टी को इस बार कम सीटे मिली हैं। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि महागठबंधन से मुख्यमंत्री पद का चेहरा तेजस्वी प्रसाद यादव ही होंगे।

–––बाइट–––

---

चुनाव आयोग ने आज बिहार विधानसभा चुनावों के दौरान नकदी, नशीले पदार्थों, शराब और अन्य प्रलोभनों से निपटने के लिए प्रवर्तन एजेंसियों के प्रमुखों के साथ एक बैठक की। नई दिल्ली स्थित निर्वाचन सदन में बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान, मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने चुनाव आयुक्तों डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी के साथ कानून प्रवर्तन एजेंसियों को चुनावों के दौरान सक्रिय और निवारक कार्रवाई सुनिश्चित करने में उनकी भूमिका के बारे में जागरूक किया। आयोग ने एक बयान में कहा कि विभिन्न एजेंसियों ने प्रलोभन मुक्त चुनाव सुनिश्चित करने के लिए अपनी तैयारियों, उठाए गए कदमों और प्रस्तावित कदमों के बारे में आयोग को जानकारी दी। चुनावों को दूषित करने के लिए धन और अन्य

प्रलोभनों के इस्तेमाल पर अंकुश लगाने से संबंधित विभिन्न विषयों पर जानकारी दी गई।

---

सर्वोच्च न्यायालय ने डिजिटल अरेस्ट मामलें को गंभीरता से लेते हुए केंद्र और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो–सीबीआई से जवाब मांगा है। सर्वोच्च न्यायालय ने ऐसे मामलों का स्वतः संज्ञान लिया है, जिनमें धोखेबाज़ कानून प्रवर्तन एजेंसियों या न्यायिक अधिकारियों का रूप धारण करके नागरिकों, विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों को ठगी का शिकार बनाते हैं।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. छह नवम्बर को होने वाले विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए नामांकन की प्रक्रिया समाप्त। चुनाव प्रचार में आई तेजी।

02 भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सारण के तरैया में चुनावी सभा को संबोधित किया। कहा – बिहार के लोग अब जंगलराज की कहानी को फिर से दोहराना नहीं चाहते हैं।

03. महागठबंधन के घटक दलों के बीच बढ़ते विवाद के कारण अबतक नहीं हो सका है सीटों का बंटवारा। आठ सीटों पर महागठबंधन के प्रत्याशी एक–दूसरे के खिलाफ चुनाव मैदान में।

04. और, चुनाव आयोग ने बिहार विधानसभा चुनावों के दौरान काले धन के रोकथाम और नशीले पदार्थों, शराब और अन्य प्रलोभनों से निपटने के लिए प्रवर्तन एजेंसियों को दिया दिशा–निर्देश।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।